>

Title : Need to provide relief to drought affected farmers of Jaunpur district in Uttar Pradesh.

श्री तूफानी सरोज : मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान सूखाग्रस्त किसानों की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं। मैं संसदीय क्षेत्र मछली शहर, जनपद-जौनपुर, उत्तर प्रदेश से चुनकर आता हूं। जनपद-जौनपुर को सूखाग्रस्त जिला घोषित किया गया था, पर आज तक सूखापीड़ित किसानों को सूखा राहत कोÂष से कोई राहत नहीं उपलब्ध करायी गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने सूखा राहत के लिए जो नीति निर्धारित कर रखी है, उससे किसी भी किसान को लाभ नहीं मिलना है।

प्रदेश सरकार की नीति के अनुसार जितनी काश्त की गई है, उसी का सर्वे कराने का आदेश किया गया था। जबकि हकीकत यह है कि धान रोपने के लिए जो बीज खेत में डाला गया था, सूखे के कारण वह बीज खेत में ही सूख गया। ऐसी हालत में धान की रोपाई कैसे हो सकती थी? केंद्र सरकार द्वारा मोटी धनराशि उत्तर प्रदेश सरकार को दी गई थी। जौनपुर जनपद हेतु सूखा राहत के लिए 17 करोड़ रूपए आया था। किसानों को एक पैसा वितरित नहीं किया गया, बल्कि वह पैसा प्रदेश सरकार वापस मंगा लिया। जबकि सूखा के कारण किसानों के बीच हाहाकार मचा हुआ है और किसान सूखा राहत के पैसे की तरफ टकटकी लगाये हुए है। पैसा वापस कर सरकार दूसरे मद पर खर्च करने की योजना बनायी है। उत्तर प्रदेश सरकार किसानों के विरोध में काम कर रही है। ...(व्यवधान)

अतः आपके माध्यम से सरकार से मेरी मांग है कि सूखा पीड़ित किसानों को राहत दिलाने के लिए वह उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश जारी करे ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके।